तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि

# बालोद भूमि

रायपुर, मंगलवार 6 मई 2025



14 समाधान शिविर में श्रम, जाब, किसान क्रेडिट कार्डों व पीएम आवास..



13 राज्य के हर नागरिक तक शासन की योजनाओं ...






## खबर संक्षेप

### डौंडी स्कूल मैदान खलारी में आज समाधान शिविर

सुशासन तिहार 2025

**बालोद।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप शासन के जन कल्याणकारी योजनाओं को राज्य के जरूरतमंद व्यक्ति तक पहुँचाने शुरू की गई 'सुशासन तिहार 2025' के अंतर्गत तृतीय एवं अंतिम चरण में समाधान शिविरों का आयोजन किया जाएगा। जिसमें डौण्डी विकासखण्ड के स्कूल मैदान खलारी में 06 मई को 'समाधान शिविर' का आयोजन किया जाएगा। अपर कलेक्टर एवं जिला पंचायत के प्रभारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी चन्द्रकांत कौशिक ने बताया कि स्कूल मैदान खलारी में डौण्डी विकासखण्ड के ग्राम अड़जाल, दानीटोला, भैंसबोड़, सुवरबोड़, गुजरा, धोबनी अ, धोबनी ब, टेकाढोड़ा के निवासी समाधान शिविर में शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि शिविर के संचालन हेतु विकास विस्तार अधिकारी दिपेश रात्रे को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

### ग्राम बोईरडीह में तालाब गहरीकरण का कार्य शुरू



**डौण्डीलोहारा।** ब्लाक अंतर्गत ग्राम पंचायत सहगांव में मनरेगा के तहत आश्रित ग्राम बोईरडीह में तालाब गहरी करण का कार्य शुरू हो गया है। इसका उद्देश्य बेरोजगारों को रोजगार उपलब्ध कराना है। यह कार्य सरपंच भूषण लाल देवांगन, उप सरपंच रुनीता पिस्दा, सचिव लच्छन पटेल, रोजगार सहायक लोकेश चुरेन्द्र व पंचगण सीमा पिस्दा, इंदू पिस्दा होरी लाल चुरेन्द्र, अंजनी चुरेन्द्र, बीरम बाई, सुनीता सांडिल्य, साधना बाई पिस्दा, रुपकुंवर चुरेन्द्र, तथा नरसिंह निषाद के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। चुनावी वर्ष होने के कारण रोजगार गारंटी का कार्य बहुत ही कम ग्राम पंचायतों में प्रारंभ हो पाया है।

### सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

**बालोद।** छ.ग रेडक्रास सोसायटी जिला बालोद द्वारा रेडक्रास दिवस के अवसर पर 8 मई को रक्तदान एवं रक्तवीर समूह सम्मान समारोह का आयोजनकिया ऑडिटोरियम हाल नगर पालिका परिसर बालोद मे किया गया। जिसमे उद्घाटन प्रातः 10 बजे होगा व प्रातः 10:30 को सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन।

# धन से सुख के साधन खरीदे जा सकते हैं पर ज्ञान को नहीं

## प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज का बच्चों के लिए समर कैंप जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय आत्मज्ञान भवन आमापारा बालोद के तत्वाधान में समर कैंप का आयोजन किया गया है, जिसका आज पंचम दिवस था। जिसमें बीके. नेहा बहन ने कहा कि मूल्यों से मूल्यवान वो गुण है ईमानदारी का गुण ईमानदारी एक ऐसा दर्पण है जो अंधेरे में भी दिखाई देता है। इन गुणों को हम पैसो से नहीं खरीद सकते।

पैसे से घर खरीद सकते है, सुखी जीवन नहीं, पैसे से ज्ञान नहीं खरीद सकते है, किताब खरीद सकते है, पैसे से बिस्तर खरीद सकते है, नींद नहीं, ईमानदारी को भी हम खरीद नहीं सकते है। जहां ईमानदारी है वहां शांति, खुशी, निर्भयता भी होती है और जहां ईमानदारी खत्म वहां अशांति, डर सब आ जाती है। बोल में ईमानदारी माना सत्य बोलना, कर्म में ईमानदारी निष्टा पूर्वक कर्म करना, संबंध में ईमानदारी मधुरता पूर्वक व्यवहार करना, देश के प्रति भी ईमानदार बनना है।

ईमानदार बनने से माता–पिता, दोस्त टीचर भगवान की दुआएं मिलती है। जीवन में सफल होने का राज बताते हुए बी.के. मनीष भाई ने कहा कि हमारे जीवन में किए गए छोटे–छोटे अच्छे कर्म ही हमारे जीवन में पुण्य का खाता बढ़ाते है। जब पुण्य का खाता हमारे जीवन में भरपूर रहता है तो जीवन के प्रत्येक कार्य में सफलता अपने आप मिलने लगती है।



### उत्तम कर्म से पुण्य होता है अर्जित

पुण्य का खाता जमा करने की विधि बताते हुए कहा कि जब हम एक अच्छे कर्म करते है तो एक गुणा पुण्य जमा होता है, और जब हमको देखकर दूसरे भी अच्छे कर्म करते है तो दस गुणा पुण्य जमा होता है, किन्तु जब हम प्रकृति को बचाने में सहयोग करते है और हमको देखकर दूसरे भी अनुसरण करते है तो सौ गुणा पुण्य जमा होता है और सफलता हमारे कदमों में होती है। इसलिए अब से हमें अपने जीवन में अनुशासित रहकर बड़ों की आज्ञा मानकर तथा अच्छी आदतों को बढ़ाकर जीवन में पुण्य का खाता बढ़ाना है।

## हादसा

# बेकाबू बस खड़े ट्रक से टकराई एक की मौत और दर्जनभर घायल

### घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल धमतरी मे भर्ती कराया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

राष्ट्रीय राजमार्ग 30 मे एक बार फिर तेज रफ्तार बस का कहर देखने को मिला, तेज रफ्तार बस सड़क किनारे खड़ी ट्रक से जा भिड़ी धटना मे एक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दर्जन भर यात्री घायल बताए जा रहे है, जिन्हे उपचार के लिए जिला अस्पताल धमतरी मे भर्ती कराया गया है। यात्री बस महिन्द्रा कपनी की बताई जा रही है। घटना के समय बस की रफ्तार बहुत तेज थी। मृतक कोण्डागांव जिले के परसगांव निवासी का बताया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार पुरूर थाना क्षेत्र के बालोदगहन पेट्रोल पंप के पास सुबह करीब पांच बजे के बीच रायपुर की तरफ जा रही यात्री बस ने नेशनल हाईवे 30 मे सड़क किनारे खड़ी ट्रक को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे बस के सामने का हिस्सा ट्रक मे जा घुसा, इस हादसे मे एक की मौत हो गई, जबकि कई घायल का अस्पताल मे उपचार जारी है। बताया जा रहा है कि हादसे के समय अधिकांश यात्री नींद मे थे, अचानक हुई भीशण टक्कर से बस मे चीखपुकार मच गई थी, इधर मामले की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंचकर घायल लोगो को एंबुलेंस की मदद से धमतरी जिला अस्पताल भेजवाया गया। वही मामले मे पुलिस आगे की कार्यवाही शुरू कर जांच मे जुट गई है।

उल्लेखनीय है कि रायपुर से जगदलपुर, दंतेवाड़ा की ओर जाने व आने वाली बसो की रफ्तार बहुत तेज रहती है, इन बसो पर आरोप है कि वे रात्रि मे डिपर लाईट का उपयोग कम ही करते है। तेज रफ्तार के चलते इस क्षेत्र मे कई बस दुर्घटनाएं हो चुकी है लेकिन न बस चालक सुधर रहे है और न ही प्रशासन उन पर अंकुश लगा पा रहा है। थाना प्रभारी पुरूर ने बताया कि हादसे मे 10 लोग घायल हो गए है तथा एक व्यक्ति की मौत हो गई है जो कोण्डागांव जिले के परसगांव निवासी रामप्रसाद की मौत हो गई है।





### खास बातें

- मृतक को कोण्डागांव जिले के परसगांव निवासी का बताया जा रहा है
- बालोदगहन पेट्रोल पंप के पास सुबह करीब पांच बजे रायपुर से आती बस दुर्घटनाग्रस्त

# सुशासन तिहार साय सरकार का जनहित में कारगर कदम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप छत्तीसगढ़ सरकार के द्वारा राज्य में शासकीय काम–काज में पारदर्शिता लाने तथा शासकीय योजनाओं और कार्यक्रमों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शुरू की गई सुशासन तिहार सफलीभूत होकर समाज के अनेक जरूरतमंद लोगों के लिए अत्यंत लाभप्रद एवं कारगर सिद्ध हो रहा है।

इसी कड़ी में श्रम कार्ड बनाने के लिए लंबे समय से प्रयासरत जिले के बालोद विकासखण्ड के ग्राम परसाही निवासी रोशनी निषाद को ग्राम लाटाबोड़ में आयोजित समाधान शिविर में श्रम कार्ड बनकर मिल जाने से उनकी वर्षों पुरानी आश पूरी हुई है। श्रम कार्ड बनाने के लिए बहुत ही जदोजहद करने वाली रोशनी को सुशासन तिहार के अंतर्गत ग्राम लाटाबोड में आयोजित समाधान शिविर में बिना किसी मेहनत के आसानी से श्रम कार्ड प्राप्त हो जाने पर रोशनी निषाद बहुत ही अभिभूत नजर आ रही थीं। सुशासन तिहार के पहले चरण के अंतर्गत अपने ग्राम पंचायत मुख्यालय में आवेदन करने के पश्चात बहुत ही कम समय में श्रम कार्ड बनने के पश्चात आज आयोजित समाधान शिविर के माध्यम से श्रम कार्ड मिलने पर रोशनी बहुत ही प्रसन्नचित हैं। अपने बहुप्रतीक्षित सपने के साकार होने से श्रीमती रोशनी निषाद के चेहरे पर प्रसन्नता एवं संतोष का भाव स्पष्ट नजर आ रहा है।



# तांदुला जलाशय में स्टंटबाजी करने पर चालक गौकरण प्रसाद पर ठोंका तीन हजार का जुर्माना



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

तांदुला जलाशय पर स्टंटबाजी करने वाले वाहन चालक गौकरण प्रसाद उर्फ शिवा पर 3000 रू. की चालानी कार्यवाही किया गया। विडियो बनाने के लिए स्टंटबाजी नहीं करने, शराब सेवन कर वाहन नहीं चलाने का यातायात पुलिस बालोद ने अपील की।

मोटर सायकल क्रमांक सीजी. 07 सी सी 6765 के चालक शिवनाथ नगर क्वार्टर नंबर 07 अंजोरा जिला दुर्ग (छ.ग.) निवासी गौकरण प्रसाद उर्फ शिवा पिता मदन लाल ठाकुर उम्र 25 वर्ष के द्वारा तांदुला जलाशय में प्रतिबंधित क्षेत्र में वाहन ले जाकर विडियों बनाने हेतु खतरनाक तरीके से स्टंट कर उसका वीडियों बनाकर अपने इंस्टाग्राम पर अपलोड़ किया गया, जिसका वीडियो वायरल हुआ था।

- वीडियो बनाने के लिए स्टंटबाजी नहीं करने और शराब सेवन कर वाहन नहीं चलाने की यातायात पुलिस ने अपील की

उपरोक्त वाहन चालक को यातायात पुलिस बालोद द्वारा बिना लायसेंस के वाहन चलाने एवं खतरनाक ढंग से वाहन चलाने पर 3000 रूपये का समन शुल्क वसूल किया गया है, साथ ही वाहन चालक को हिदायत दिया गया की ऐसा कोई भी स्टंट सड़क या अन्य जगहों पर न करें हमेशा यातायात नियमों का पालन कर वाहन चलाएं।

यातायात पुलिस बालोद के द्वारा लगातार वाहन चालको से अपील किया जा रहा है की इस प्रकार वीडियों बनाने के लिए स्टंटबाजी करते हुए अपने तथा अन्य व्यक्तियों की जान जोखिम में न डाले, हमेशा यातायात नियमों का पालन कर दोपहिया एवं चारपहिया वाहन चलाएं। यातायात पुलिस बालोद ने आम नागरिकों से अपील की है कि मालवाहक वाहन में सवारी भरकर परिवहन न करे, यातायात नियमों का पालन करे, रात्रि में वाहन चलाते समय अपर डिपर का प्रयोग करे, शराब सेवन कर वाहन न चलाएं, वाहन चलाते समय मोबाईल का उपयोग न करे, नाबालिक बच्चों को वाहन चलाने न देवे, संयमित गति से वाहन चलाएं एवं वाहन चलाते समय सीट बेल्ट एवं हेलमेट अवश्य लगावें व वाहन चलाते समय वाहन के दस्तावेज हमेशा अपने साथ रखे।

## युवक कांग्रेस ने परिवहन विभाग की अनियमिताओं पर ज्ञापन सौंपा

# स्कूली बसों में स्पीड गर्वनर का उपयोग नहीं और दौड़ रही हैं कंडम यात्री बसें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिला युवा कांग्रेस ने जिला परिवहन विभाग मे हो रही अनियमिताओ के संबंध मे प्रमुख मुद्दो को लेकर ज्ञापन सौपा है।

ज्ञापन मे कहा गया है कि बालोद ब्लाक जिले मे जितने भी स्कूल है बस उसमे स्पीड गर्वनर का उपयोग नही किया जा रहा, जिसमे स्कूली बच्चो को दुर्घटना से जान का खतरा है। कई कंडम यात्री बसे मुख्य सड़को पर यमराज बनकर धड़ल्ले से दौड़ रही है, जिससे आए दिन दुर्घटना व आम जनता को परेशानी हो रही है। शासन द्वारा हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट का राशि निर्धारित किया जाए ताकि मनमाने शुल्क का बोझ आम जनता को न सहना पड़े। बालोद जिले मे रेत उत्खनन कर रहे हाईवा गाड़िया ओवर लोड सड़को पर दौड़ रही है उस पर तत्काल कार्यवाही किया जाए।



प्रत्येक वाहनो के आरसी पर मोबाईल नंबर एड किया जाने को लेकर मनमाना शुल्क लिया जा रहा है जिसे निर्धारित किया जाए, जिससे आम जनता को परेशानी एवं दिक्कतो का सामना न करना पड़े। अध्यक्ष साजन पटेल ने कहा कि प्रशान के संरक्षण मे चल रहे अवैध रेत खनन बंद नही हुआ तो कलेक्टर कार्यालय या फिर परिवहन विभाग का घेराव किया जाएगा। ओवरलोड का चालान काटने वाले आरटीओ विभाग भी उन पर कार्यवाही करने के स्थान पर मौन साधे हुए है। लगातार ओवर लोड रेत भरकर के जिले की सीमा के बाहर जा रहा है। गरीब ट्रैक्टर चालक व मालिको के ऊपर हजारो रूपये का जुर्माना लगा दिया जाता है।

इस कार्यकम मे युवा कांग्रेस के जिला प्रशासनिक महामंत्री आदित्य दुबे, विधानसभा उपाध्यक्ष दीपक सानू पाल, जनपद जनपद मोहनीश पारकार, उपाध्यक्ष शहर युवा कांग्रेस फैल अली, देवराज धुरव, राम गावड़े, अशद अली, दुर्गेश नेताम, मनोज नेताम, सन्नी नेताम, लोकेश बघेल, राहुल ठाकुर, विक्की साहू, बलराम गावड़े, निखिल रगड़े, नजीर अल्ली, आकाश श्रीवास्तव, अरफान खान, रोशन व युवा कांग्रेस के सदस्य उपस्थित थे।




## खबर संक्षेप




### सेवानिवृत्त अधिकारियों के योगदान को सराहा

**भिलाई।** बीएसपी आफिसर्स एसोसिएशन द्वारा सेवानिवृत्त अधिकारियों के दीर्घ सेवा व उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मान समारोह का आयोजन प्रगति भवन में किया गया। सेफी चेयरमेन और ओए के अध्यक्ष नरेंद्र कुमार बंछोर, महासचिव परविंदर सिंह,कोषाध्यक्ष अंकुर मिश्रा, उपाध्यक्ष तुषार सिंह, अखिलेश मिश्रा, सचिव संजय तिवारी, जेपी शर्मा उपस्थित थे।

ओए द्वारा शशि चंदु, जीएम (ओएनएम), शही राम जाखड़, डीजीएम (एचआर), विष्णुकांत साहू, एजीएम (एफएंडए), केएसएएन मूर्ति, एजीएम (ईएमडी), शकील अहमद खान, एजीएम (बीआरएम), वसंत कुमार आर पी, सीनियर मैनेजर (एचआर) रामचंद्र अडिल, सीनियर मैनेजर (आरईडी) का सम्मान किया गया। सभी कापौधे और सम्मान राशि प्रदान कर किया सम्मानित किया गया। सेवानिवृत्तों सेवा काल के अनुभवों को बांटा। श्री बंछोर ने कहा कि सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारियों को उनके स्वस्थ जीवन की कामना करते हुए कहा कि भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा जो उपलब्धियां हासिल की थी उन उपलब्धियों को हासिल करने में आप जैसे कर्तव्यनिष्ठ अधिकारियों का अहम योगदान है। परविन्दर सिंह ने सेवानिवृत्त अधिकारियों के सेवाकाल के उत्कृष्ट कार्यों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन ओए जोनल प्रतिनिधि राकेश सिंह ठाकुर ने किया। इस अवसर पर रेमी थामस, अभिषेक कोचर, अमित कुमार सिन्हा, विजय कुमार देशमुख, बी एस मान, शैलेश कुमार मालवीय एवं एक्स ओए से जे बी पाटिल सहित बड़ी संख्या में अधिकारी गण उपस्थित थे।

### पीएम आवास के लिए निकली लॉटरी

**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई के सभागार में अक्षय तृतीया के अवसर पर लॉटरी का आयोजन किया गया। जो हितग्राही पहले से आवेदन जमा किए हैं। मकान के लिए 10 प्रतिशत अंशदान की राशि जमा किए हैं। उनको लॉटरी में शामिल किया गया। इसमें 27 पात्र हितग्राहियों को ड्रा के माध्यम से उनका मकान नंबर उन्हें प्राप्त हो गया है। सुनीता बेलदार ने बताया कि अक्ति तिहार के दिन उन्हें मकान मिला है।

### पार्षद निधि से बोर खनन पेयजल संकट से मिली राहत

**भिलाई।** नगर पालिका परिषग जामुल के वार्ड 20 सुरडुंग में पार्षद निधि से बोर खनन किया गया। इस दौरान नगर पालिका के अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर ने श्रीफल तोड़कर खनन कार्य का शुभारंभ किया। ठाकुर ने कहा कि गर्मी के समय भूजल स्तर गिर जाने से पेयजल की संकट की समस्या बनी रहती थी। इसे देखते हुए परिषद की सदस्य शांति टंडन के निधि से यह बोर कराया जा रहा है। इससे वार्ड के लोगों को पर्याप्त पेयजल की समस्या दूर होगी। वार्ड की जनता से अपील है कि पेयजल का सही उपयोग करें और पानी की बर्बादी से बचें। आयोजित कार्यक्रम में पार्षद शांति टंडन, राज कुमार, उमेंद वर्मा समेत अन्य मौजूद थे।

---

**सियासत : डबल इंजन के सरकार से मिल रहा लाभ**

# डौंडीलोहारा में मंत्री केदार कश्यप का भव्य स्वागत किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

छत्तीसगढ़ के वन, जल संसाधन, जलवायु परिवर्तन, कौशल विकास और संसदीय कार्य मंत्री केदार कश्यप रविवार को पाटेश्वर धाम से वापसी के दौरान डौंडीलोहारा पहुचकर स्थानीय काली मंदिर के पास भाजपाईयों ने उनका साथ स्वागत किया। भाजपा के जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख की अगुवायी में आतिशबाजी, फूलमाला के साथ मंत्री का स्वागत अभिनंदन किया। तत्पश्चात नगर में ही पैदल भ्रमण करते मंत्री केदार कश्यप के साथ कार्यकर्ता भाजपा मंडल डौंडीलोहारा की अध्यक्ष कुसुम शर्मा के निवास पहुच कर। मंडल अध्यक्ष कुसुम शर्मा ने मंत्री का तिलक वंदन कर अभिनंदन किया। सामूहिक रूप से मंत्री श्री कश्यप को राज गीत लिखा हुआ एक फोटो फ्रेम भेंट किया।

जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख और मंडल अध्यक्ष कुसुम शर्मा के कार्यों की मंत्री ने की सराहना मुलाकात और स्वागत सम्मान के दौरान मंत्री ने खुशी जाहिर करते हुए भाजपा बालोद जिला के अध्यक्ष चेमन देशमुख और डौंडीलोहारा मंडल अध्यक्ष के नेतृत्व में लगातार मिली चुनावी जीत को लेकर उन्होंने काफी सराहना की। और इसी तरह आगे भी कार्य करते हुए आगामी चुनाव में भाजपा को बढ़त दिलाने और तीनों सीट पर भाजपा के विधायक बनाने को लेकर भी चर्चा हुआ। भाजपा जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख और लोहारा भाजपा मंडल की पहली महिला अध्यक्ष कुसुम शर्मा के नेतृत्व में नगर पंचायत से लेकर त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के परिणाम अच्छा रहा। अधिकतर जनप्रतिनिधि भाजपा के ही बने हैं। जिस पर मंत्री कश्यप ने जिला अध्यक्ष और मंडल अध्यक्ष के कुशल नेतृत्व को सराहा। इसी तरह एक जुटता के साथ कार्य करने और सरकार की योजना को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने की बात भी कही। लोहारा क्षेत्र के नगरीय निकाय से लेकर पंचायत स्तर के चुनाव में भाजपा की लगातार जीत से भाजपाई उत्साहित है।

वही डबल इंजन की सरकार बनाने में भी कामयाबी मिली है। जिसमें भाजपा के जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख और स्थानीय मंडल अध्यक्ष कुसुम शर्मा का विशेष नेतृत्व रहा है। इस पर भाजपा जिला अध्यक्ष श्री देशमुख और मंडल अध्यक्ष कुसुम शर्मा ने कहा कि यह जीत सभी भाजपा के कार्यकर्ताओं के मेहनत की जीत थी। मंत्री का सम्मान और स्वागत करने के लगा रहा लोगों का तांता लगा रहा। समस्याएं हैं, उन्हें जल्द निपटाने का प्रयास किया जाएगा। मंत्री केदार कश्यप का स्वागत और उनसे भेंट करने के लिए लोगों का तांता लगा रहा। इस अवसर पर प्रमुख रूप से भाजपा जिलाध्यक्ष चेमन देशमुख, जिला उपाध्यक्ष देवेंद्र जायसवाल, नगर पंचायत अध्यक्ष लाल निवेंद्र सिंह टेकाम, उपाध्यक्ष नेहा उपाध्याय, मनीष झा, पुष्पेंद्र चंद्राकर, संजू नारायण सिंह, अरुण उपाध्याय, हितेश डोंगरे, जयलाल मालेकर, जसराज शर्मा, हरीश कटझरे, संदीप जैन, धर्मेंद्र निषाद, संदीप भंसाली, यतेन्द्र देवांगन निरंजन पटौदी, जयेश जैन, दिलीप बाफना, दर्शन संचेती, मोहन निषाद, सूर्य कला ठाकुर उतरा घरेन्द्र, रेवती, लता गुप्ता, बीर सिंह कोसमा, अनिता सिन्हा, जयेश जैन, पलाश गुप्ता, उत्तम मालेकर, सोनू सिन्हा, धीरज जैन, प्यारे निषाद, सोमेन्द्र देशमुख, इक़बाल अरोरा, हिरेन्द गायकवाड़, प्रकाश जैन, देव देवांगन, टाल साहू, प्रकाश साहू, पाल यादव, अभय साहू, दुष्यन्त गिरी, पूनम जैन, कौशल शर्मा, कोमल दुग्गा, अभिषेक जैन, गैदमल भंसाली, मोहन निषाद, जिवराखन कोमार्य, पलेश्वरी गावरे, मीनू ठाकुर, पायल, रहिमत कोसमा, राजू भंसाली, महेंद्र जायसवाल, कुबेर सोनी, निखिल शर्मा, धर्मेंद्र देवांगन, टेकराम प्रीतम, रेवा सोनी, ऋवण निषाद, ताराचंद निषाद, मदन माहला, नोमेश वैष्णव, राजेन्द्र रावटे सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।



#### समस्याओं का निराकरण शीघ्र किया जाएगा

ग्रामीणों कि रखी अपनी विभिन्न समस्याएं,जल्द निराकरण का मिला मंत्री से आश्वासन मंत्री से मुलाकात के दौरान डौंडीलोहारा के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्र से लोग भी अपनी-अपनी समस्या लेकर पहुंचे थे। लगभग 300 की संख्या में आए जनप्रतिनिधियों, सरपंचों और ग्रामीणों ने मंत्री से मुलाकात कर अपनी समस्या अवगत कराया। इस दौरान से गुरामी से आए हुए ग्रामीणों ने डैम से पानी निस्तारी की समस्या रखी। वही रेंगाडबरी के ग्रामीणों ने सोसायटी से संबंधित समस्या रखी। मंत्री ने उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित विभाग को उनके आवेदन पर निराकरण बात किया। साथ ही आश्वस्त किया कि जो भी समस्याएं हैं, उन्हें जल्द निपटाने का प्रयास किया जाएगा। प्रवास के दौरान मंत्री ने मंडल अध्यक्ष कुसुम शर्मा के निवास स्थान पहुंचकर स्वल्पाहार भी ग्रहण किया।

---

# डौंडी सुशासन तिहार 2025 में प्राप्त आवेदनों के निराकरन किया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडी

सुशासन तिहार 2025 मे प्राप्त आवेदनो के निराकरण हेतु 05/05/2025 से 31/05/2025 के प्रथम समाधान शिविरो का आयोजन।

कलस्टर स्तर मे जनपद डोंडी के ग्राम पंचायत का आयोजन 6 मई को खलारी शाला मैदान मे प्रभारी दीपेश रात्रे कलस्तर मे ग्राम पंचायत खलारी, अडजाल, दानिटोला, भैसबोड़, सुवरबोड़,गुजरा,धोबनी , धोबनी , टेकाधोड़ा के आवेदनो का निराकरण होगा। 14 मई को गुदम हाई स्कुल मैदान मे प्रभारी सच्चिदानंद शर्मा कलस्टर मे ग्राम पंचायत उकारी, आवारी, नारालगुडा, पूसावाड़, गुदम, बहमनी, छिंदगाव, मारकटोला,के आवेदनो का निराकरण होगा।20 मई को हाई स्कुल मैदान सुडोंगर मे प्रभारी पी के यदु कलस्टर मे ग्राम पंचायत सुडोंगर, लीमुडीह, चिहरो, आमाडुल, माथेना, कांडे, कुंवगोंदी, मरदेल के आवेदनो का निराकरण होगा। 22 मई को शाला मैदान कोटागांव मे प्रभारी जे एस भारद्वाज कलस्टर में ग्राम पंचायत कोटागांव, आड़ेझर, सालाएटोला, खैरवाही, कामता, कुमुरकट्टा, नलकासा, कोपेडेरा, चिखली, साल्हे, धोतीमटोला, नर्राटोला के आवेदनो का निराकरण किया जाएगा।

26 मई को बाजार स्थल पटेली मे प्रभारी मुकेश देवागन कलस्तर मे ग्राम पंचायत पटेली, पचेड़ा, पेण्ड्री, घोटिया, सिंघोला, बेलोदा, मांगलतराई, भर्री टोला 36,ढोरी ढेमा, कुंजकानहार, ठेमा बुजुर्ग, सिंगनवाही, बोरगांव के आवेदनो का निराकरण होगा।

30 मई को हाई स्कुल मैदान कुसुमकासा मे प्रभारी संतोष पासी कलस्टर मे ग्राम पंचायत कुसुमकासा, गिधाली, भर्रिटोला 43 चिपरा, रजही, पथरा टोला, अरमुर कसा, करुटोला, धोबेदंड, बिटाल, खाम्हार टोला, धुरवा टोला, के आवेदनो का निराकरण किया जाएगा। उक्त जानकारी डोंडी जनपद सीईओ डी डी मंडले द्वारा दी।

---

# एनएच 930 के तहत चौकीड़करण मे घपले की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुसुमकसा



राष्ट्रीय राजमार्ग 930 के तहत सड़क चौड़ीकरण व उन्नयन कार्य में नाली निर्माण हेतु प्रपोजल बनाकर दिल्ली भेजे जाने ब स्वीकृत होने पर जल्द नाली निर्माण की जानकारी देने के दस माह बाद भी नाली का निर्माण नही हो पाया जबकि उक्त मार्ग के किनारे डॉ भूपेंद्र मिश्रा के आवासीय मकान के बाउंड्री वॉल को दो मर्तबा तुड़वाया गया जिसको लेकर ग्रामीणों व व्यापारियों में रोष व्याप्त है की नाली नही बनाना था तो बाउंड्रीवॉल को क्यों तोड़ा गया।

गौरतलब है की राष्ट्रीय राजमार्ग 930 के सड़क चौड़ीकरण एवं उन्नयन कार्य के समय से ही निर्माण एजेंसी द्वारा व्यापक अनियमितता बरती गई। जिसकी शिकायत हुई ,कुसुमकसा बाजार बंद हुआ। इस दरम्यान निर्माण एजेंसी व राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिकारी गोलमोल जवाब देरहे है। राष्ट्रीय राजमार्ग 930 के एस डी ओ बस स्टैंड चौक पहुंचकर ग्रामीणों व व्यापारियों के साथ डॉ भूपेंद्र मिश्रा के मकान से लगभग 100 मीटर तक अधूरी नाली का निरीछन करते हुए। बताया की उक्त नाली का नया प्रपोजल बनाकर दिल्ली भेजा गया है। स्वीकृत होकर आने पर नाली निर्माण कराने की जानकारी दी। जिससे ग्रामीणों ने पूछा की लगभग 100 मीटर की नाली निर्माण छोड़ा गया है। उसके आगे पीछे नाली का निर्माण हो गया है। डॉ. टिकुराम साहू ने बताया की जबसे सड़क निर्माण कार्य चालू हुआ है तब से परिवार सहित हम परेशान है। सड़क से मकान की ऊंचाई अधिक है। सड़क निर्माण के दरम्यान सीढी तोड़ दी गई। नलजल का पाइप लाइन नही बिछाने व नाली का निर्माण ना होने से घर के अंदर जाने के लिए सीढी का निर्माण नही कर पा रहे है। जिससे घर में आने जाने के लिए काफी असुविधा हो रही है कभी कभी गिर कर चोटिल हो रहे है ,जल्द नाली निर्माण कराने की मांग शासन प्रशासन से की है। अनिल सुथार अध्यक्ष व्यापारी संघ कुसुमकसा ने कहा की ग्राम पंचायत कुसुमकसा के आह्वान पर कुसुमकसा बंद का ग्रामीणों के साथ व्यापारी संघ ने समर्थन देते हुए व्यापारिक प्रतिष्ठान बंद था । राष्ट्रीय राजमार्ग के जिम्मेदार अधिकारी ने नाली निर्माण की स्वीकृति हेतु प्रस्ताव भेजने की जानकारी दी थी। किंतु आज पर्यंत तक नाली निर्माण नही हो पाया है। जिसको देख कर लगता है की राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिकारी गुमराह कर रहे है। नाली का निर्माण जल्द ना होने पर पुनः आंदोलन करने की बात कही।

#### प्रपोजल बनाकर भेजा

डॉ भूपेंद्र मिश्रा ने कहा की जब नाली निर्माण हेतु प्रपोजल बनाकर भेजा है। मेरे मकान में दो बार बाउंड्रीवाल को क्यों तोड़वाया गया। पहली बार बाउंड्रीवाल को तोड़कर पानी का पाइप लाइन बिछा गया। जिसके बाद राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिकारी व निर्माण एजेंसी के कर्मचारियों द्वारा चिन्हांकित करने के बाद पुनः बाउंड्रीवाल का निर्माण कराया।निर्माण कार्य पूर्ण होने के कुछ दिन बाद ही राष्ट्रीय राजमार्ग 930 के एस डी ओ व निर्माण एजेंसी के प्रोजेक्ट मैनेजर डॉ भूपेंद्र मिश्रा के घर पास पहुंचकर नाली निर्माण की जगह में बाउंड्रीवाल का निर्माण किया है। बाउंड्रीवाल को तुरंत तोड़ने की बात कहते हुए जल्द नाली निर्माण का चालू होने की बात कही । इस दरम्यान वाद विवाद भी हुआ जिसके बाद पुनः बाउंड्रीवाल को तोड़ा गया किंतु आज तक बाउंड्री वाल तोड़ने के दस माह में नाली का निर्माण भी नहीं हो पाया है। अब अधिकारी नाली निर्माण का प्रपोजल भेजने की जानकारी दे रहे है। दो मर्तबा बाउंड्री वाल को क्यों तोड़ा गया। डॉ भूपेंद्र मिश्रा के मकान में बारिश का पानी मुख्य मार्ग से सीधे उनके मकान में आने से मकान जर्जर होने लगा है । राष्ट्रीय राजमार्ग 930 के मुख्य मार्ग के किनारे अगर नाली का निर्माण जल्द नही हुआ तो आने वाले बारिश के मौसम में छतिग्रस्त हुआ मकान गिरने का भय बना हुआ है ।

---

**बारिश में फिर टापू बन जाने की फिक्र के साथ उद्घाटन पूर्व तन गए कई कब्जे**

# निर्माणाधीन ट्रांसपोर्टनगर के सैकड़ों ट्रांसपोर्टर दो तरफा समस्या से जूझ रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



निर्माणाधीन ट्रांसपोर्टनगर हथखोज में सैकड़ों ट्रांसपोर्ट व्यवसायियों को दोतरफा समस्या से जूझना पड़ रहा है। हर साल बारिश में विकट समस्या बने औद्योगिक क्षेत्र से लगे ट्रांसपोर्टनगर का नवनिर्माण 80 प्रतिशत पूर्ण हो चुका है। लेकिन इस बड़ी सौगात के साथ ही सैकड़ों ट्रांसपोर्टरों की उम्मीदों पर पानी फिर सकता है। करोड़ों के ट्रांसपोर्ट नगर के विकास के साथ ही साथ अवैध कब्जों की समस्या बढ़ती जा रही है। ट्रांसपोर्टरों को महीनेभर बाद शुरु होने वाले बारिश के मौसम में फिर अत्यधिक परेशानी का सामना करने की भारी चिंता सता रही है। इस मामले में जिम्मेदार एजेंसियां उदासीन बनी हुई हैं।

गौरतलब हो कि वर्ष 1992 में एमजी मार्केट के पावरहाउस जीई रोड के किनारे अपनी सैकड़ों ट्रकें और ट्रेलर आदि वाहन खड़े कर व्यवसाय करने वाले ट्रांसपोर्ट व्यवसायियों की सुविधा के लिए औद्योगिक क्षेत्र हथखोज में ट्रांसपोर्टनगर शिफ्ट किया गया था। तत्कालीन साडाध्यक्ष सत्यनारायण अग्रवाल के कार्यकाल में साडा द्वारा ट्रांसपोर्टनगर को आगे विकसित करने का ऐलान किया गया था। लेकिन साडा भंग हो जाने और नगर निगम की निष्क्रियता से पिछले कई साल से यह ट्रांसपोर्टनगर समस्याओं के साथ बारिश में टापू बन जाता है। पानी में ट्रकें डूबने और दलदल में गाड़ियां फंसने की विकट समस्या को देखते हुए ट्रांसपोर्ट व्यवसायियों की मांग पर तीन साल पूर्व निगम द्वारा फेस 1 व 2 में ट्रांसपोर्टनगर के विकास की योजना शुरु की गई। तत्कालीन सीएम भूपेश बघेल ने इसका भूमिपूजन किया था। धीमे निर्माण कार्य के बाद अब ट्रांसपोर्टनगर विकास योजना का अस्सी फीसदी निर्माण पूरा हो चुका है। लेकिन यहां व्यवसायियों महीनेभर बाद शुरु होने वाले वर्षा के मौसम तक ट्रांसपोर्टनगर के पूर्ण होने की चिंता और फिर से भारी दिक्कतों के साथ अवैध कब्जों की भरमार की समस्या से जूझना पड़ रहा है। निगम व जल संसाधन की जमीन पर चारों तरफ आम और पेशेवर कब्जाधारियो के दुकानों आदि कब्जों से लाखों की टैक्स चोरी के साथ जाम लगने, दुर्घटना और रोज विवाद की समस्या आम हो चली है। छग ट्रक ट्रेलर एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रभुनाथ बैठा ने बताया कि निगम के कमिश्नर और जल संसाधन विभाग शिवनाथ मंडल के ईई से मिलकर ज्ञापन में सैकड़ों कब्जों को हटाने व बारिश पूर्व निर्माण पूर्ण करने की मांग की गई है। पहले ट्रांसपोर्टरों को वर्षों से अविकसित ट्रांसपोर्टनगर और अब अवैध कब्जों से जाम व टैक्स चोरी की दोतरफा समस्या से जूझना पड़ रहा है।

---

# ऑपरेशन सुरक्षा में 1500 चालकों को दी समझाइश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



सड़क हादसों को रोकने के लिए ट्रैफिक पुलिस सुरक्षा अभियान शुरु किया है। जिसके तहत दो पहिया हेलमेट, चार पहिया सीट बेल्ट लगाना अनिवार्य किया है। दोनों

- दो पहिया वाहन चालको को हेलमेट, चार पहिया चालको को सीट बेल्ट

सुरक्षा के लिहाजे से बेस्ट है। हादसों के समय चालको को यहीं बचाया करता है। ट्रैफिक एएसपी ऋचा मिश्रा ने बताया कि बिना हेलमेट बाइक सवार का चालान कर हेलमेट वितरण किया गया। 10 प्रमुख चौक चौराहे पर सुरक्षा अभियान चलाकर 1500 वाहन चालकों को समझाइश दी गई। ट्रैफिक पुलिस दुर्ग द्वारा जिले की ट्रैफिक व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए ऑपरेशन सुरक्षा अभियान चलाकर सड़क के 4 प्रमुख बिंदुओं पर कार्य किया जा रहा है। जिसमें सड़को एवं चौक चौराहे की अभियांत्रिकी त्रुटि को दूर करना, सड़कों से अतक्रिमण अवैध कब्जा को हटाना, सड़क दुर्घटना में होने वाली मौत के कारण,लापरवाह वाहन चालकों पर सख्त कार्रवाई करना प्रमख है। वाहन चालकों को ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूक करने जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करना है। ट्रैफिक जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत ट्रैफिक पुलिस दुर्ग द्वारा जिले के 10 प्रमुख चौक चौराहों को चिन्हित कर वहां से गुजरने वाले वाहन चालक ट्रैफिक नियमों का पालन नहीं कर रहे है। उन्हें रोक कर समझाइए भी दी गई है। तीसरे दिन नगर निगम दुर्ग के साथ मिलकर ट्रैफिक पुलिस दुर्ग द्वारा संयुक्त रूप से इंदिरा मार्केट से अवैध निर्माण व सड़क से अतक्रिमण हटाने का कार्य किया जा रहा है।

---

**यात्रियों को आने-जाने में खासी दिक्कत, नागपुर मार्ग में मुसाफिरों से हो रही वसूली**

# ट्रेनों के रद्द होने से यात्री परेशान, एसी-स्लीपर कोच में जनरल कोच जैसी भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



रेलवे ने यात्री ट्रेनों को रद्द करने का निर्णय लिया है। इसका खासा असर मुंबई-हावड़ा मुख्य रेलवे मार्ग से गुजरने वाली ट्रेनों में देखा जा रहा है। इस भीषण गर्मी के बीच रविवार को यात्री खासे परेशान दिखे। मजबूरी में उन्हें जनरल टिकट लेकर एसी और स्लीपर कोच में सफर करना पड़ा। इसके एवज में उन्हें 500 से 1000 रुपए तक का अतिरिक्त भुगतान करना पड़ा। नागपुर मार्ग में यात्रियों को खासी परेशानी उठानी पड़ी। बता दें कि गर्मी की छुट्टियों, शादी-ब्याह का सीजन होने की वजह से इन दिनों में ट्रेनों में खासी भीड़ है। बता दें कि रेलवे ने तीसरी लाइन और अन्य परेशानियों के कारण कई ट्रेनों को रद्द कर दूसरे रूट से चलाए जाने की तैयारी है। इस दौरान भिलाई-दुर्ग से यात्रा करने वालों को ज्यादा परेशानी उठानी पड़ रही है। इसके अलावा ट्रेन का कंफर्म टिकट भी ब्लैक में बेचा जा रहा है। इस तरह की परेशानी यात्रियों के साथ हो रही है। हाल ही में रेलवे ने सूचना जारी की थी, जिसमें कई ट्रेने परिवर्तित मार्गो से चलाया जा रहा है। दक्षिण पूर्व रेलवे के सिकंदराबाद रेल मंडल से महबूबाबाद स्टेशन से जोड़ने के लिए काजीपेट जंक्शन, खेरली सेक्शन के मध्य तीसरी रेलवे लाइन पैच ट्रिपलिंग कार्य किया जा रहा है। इसके लिए ब्लॉक भी लिया जा रहा है, जो कार्य 23 से 29 मई तक किया जाना है। इधर मार्ग से गुजरने वाली सभी ट्रेनें दो से तीन घंटे तक देरी से चल रही हैं।

#### परिवर्तित मार्ग से चलाई जा रही ट्रेनें

रेलवे अधिकारियों ने बताया कि कई ट्रेनों को परिवर्तित मार्ग से गुजारा जा रहा है, इस वजह से ज्यादा परेशानी हो रही है, जिन ट्रेनों का रूट बदला गया है, उनमें 5 मई को तिरुनेलवेली जंक्शन से चलने वाली गाड़ी संख्या 22620 तिरुनेलवेली-बिलासपुर एक्सप्रेस व्हाया पोत्तनूर जंक्शन, इरुगूर जंक्शन एवं कोयम्बत्तूर जंक्शन होते हुए चलेगी। 7 मई को एर्नाकुलम जंक्शन से चलने वाली गाड़ी संख्या 22816 एर्नाकुलम-बिलासपुर एक्सप्रेस व्हाया पोत्तनूर जंक्शन, इरुगूर जंक्शन एवं कोयम्बत्तूर जंक्शन होते हुए चलेगी। 11 मई को तिरुनेलवेली जंक्शन से चलने वाली 2620 तिरुनेलवेली-बिलासपुर एक्सप्रेस व्हाया पोत्तनूर जंक्शन, इरुगूर जंक्शन एवं कोयम्बत्तूर जंक्शन होते हुए चलेगी। 14 मई को एर्नाकुलम जंक्शन से चलने वाली गाड़ी संख्या 22816 एर्नाकुलम – बिलासपुर एक्सप्रेस व्हाया पोत्तनूर जंक्शन, इरुगूर जंक्शन एवं कोयम्बत्तूर जंक्शन होते हुए चलेगी। इसी प्रकार 22648 तिरुवनंतपुरम-कोरबा एक्सप्रेस विलंब से रवाना होगी। 24 मई को 22647 कोरबा - तिरुवनंतपुरम एक्सप्रेस विलंब से रवाना होगी। परेशानी को देखते हुए ट्रेनों की सही जानकारी 139 या **www.enquiry.indianrail.gov.in** पर ले सकते हैं।

---

# सुरक्षा को बनाएं कार्य सांस्कृतिक का मूल आधार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



बीएसपी के वर्क्स क्षेत्र से जुड़े 141 कर्मियों और अधिकारियों को उत्पादन इकाइयों में उनके सराहनीय योगदान की मान्यता स्वरूप सेल शाबाश योजना श्रेणी-2पुरस्कार प्रदान किए गए। पुरस्कार समारोह संयंत्र भवन में हुआ, कार्यपालक निदेशक राकेश कुमार मुख्य अतिथि थे। पुरस्कार विजेताओं को प्रशंसा पत्र के साथ 5 हजार रुपये मूल्य के सेलम इस्पात संयंत्र के उत्पादों के उपहार से सम्मानित किया गया । इस वर्ष सेल शाबाश योजना श्रेणी-2 के अंतर्गत सम्मानित किए गए 141 कर्मचारियों में ब्लास्ट फर्नेस, एसएमएस-3, एलडीसीपी, कोक ओवन एवं कोल केमिकल, टीएंडडी, आरएसएम, यूआरएम, पीपीसी, एमआरडी, ईएमडी, आरसीएल, बीआरएम, आरटीएस, एसपीएस, पावर फैसिलिटी, टेलिकॉम, सी एंड आईटी, एचआर, और ईडी सचिवालय सहित वर्क्स ज़ोन के प्रमुख विभागों के अधिकारी व कर्मचारी शामिल थे। राकेश कुमार ने सभी कर्मचारियों से कार्यस्थल पर सतर्कता बनाए रखने का आह्वान किया।

## खबर संक्षेप




### श्रमिक दिवस पर तालगांव में विधिक शिविर आयोजित

**बालोद।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश बालोद एसएल. नवरत्न के मार्गदर्शन में अंतर्राष्ट्रीय श्रम दिवस के अवसर पर ग्राम तालगांव में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी एवं सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बालोद भारती कुलदीप के द्वारा तालगांव के मनरेगा श्रमिकों को शासन के द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं एवं श्रमिकों के कानूनी अधिकारों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई।

### पीएमश्री सेजेस अर्जुंदा के छात्रों ने 10 दिवसीय इंटर्नशिप पूरी की



**बालोद/अर्जुन्दा।** पीएमश्री सेजेस अर्जुन्दा मे छ.ग राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा के अंतर्गत आईटी और हेल्थ केयर ट्रेड के छात्रे का दस दिवसीय इटर्नशिप 2024–25 मे कराया गया। कार्यक्रम का आयोजन संस्था के प्राचार्य नीलम कौर के मार्गदर्शन मे और व्यावसायिक प्रशिक्षक योगे"वर प्रसाद साहू के संरक्षण मे मां परमे"वरी कम्प्यूटर सेंटर अर्जुन्दा मे कक्षा 11वीं और 12वीं आईटी ट्रेड के छात्रे का इंटर्नशिप संपन्न हुआ। जिसमे छात्रे ने डाटा एट्री, फोटोशॉप, ऑनलाईन ट्रांजेक्शन, वर्ड आर्ट आदि के बारे मे प्रशिक्षण लिया गया। उसी प्रकार व्यावसायिक प्रशिक्षण किशन लाल कुम्भकार के संरक्षण मे हेल्थ केयर ट्रेड 11वीं और 12वीं के छात्रे का इंटर्नशिप सामुदायिक स्वास्थ केन्द्र अर्जुन्दा मे संपन्न हुआ। जिसमे छात्रे ने बेड मेकिंग, शुगर, बीपी, मलेरिया के बारे मे प्रशिक्षण लिया। प्रशिक्षण संपन्न होने के बाद विद्यार्थीयो को प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। विद्यालय मे प्रमाण पत्र वितरण समारोह मे प्राचार्य नीलम कौर और स्टाफ उपस्थित थे। संस्था के प्राचार्य ने इस अवसर पर कहा कि प्रशिक्षण से विद्यार्थीयो का भविष्य के निर्माण और करियर मे सफलता मिलेगी।

### किसान के मकान का ताला टूटा , जेवरात पार

**भिलाई।** किसान के मकान में ताला जड़कर बेटे के यहां गए परिवार के मकान का ताला तोड़कर नगदी समेत सोना चांदी के जेवरात पार करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने ज्ञात के खिलाफ धारा 305(ए), 331(3) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। जेवरा सिरसा पुलिस ने बताया कि ग्राम मालूद निवासी बद्री प्रसाद पारकर मकान में ताला जड़कर छोटा बेटा शिवेन्द्र कुमार पारकर के यहां स्मृति नगर भिलाई के यहां गए थे। 3 मई की सुबह नौकर ने फोन पर चोरी होने की सूचना दी। परिवार के लोग तुरंत ग्राम मालूद के लिए लौट गए। अज्ञात चोर ने धक्का मारकर दरवाजा का कुंडा तोड़कर भीतर प्रवेश किया। कमरे से हैंगर में टंगे बैग में रखे सोना चांदी के जेवरात 20 ग्राम पुरानी इस्तेमाली और नगद 7 हजार रूपये कुल 47 हजार रुपए का सामान गायब मिला।

**सुशासन तिहार**

**मुख्यमंत्री विष्णु देव साय करेंगे जनता से सीधा संवाद**

# राज्य के हर नागरिक तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचाना है सुशासन तिहार का संदेश : बघेल







हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत अंडा स्थित शासकीय हाईस्कूल में सुशासन तिहार समाधान शिविर के तीसरे चरण के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में दुर्ग लोकसभा सांसद माननीय विजय बघेल, दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, जिला कलेक्टर, अभिजीत सिंह, कमिश्नर सूर्य नारायण राठौर, आई.जी. रामगोपाल गर्ग जिला पंचायत सी.ई.ओ. बजरंग दुबे,जनपद सी.ई.ओ. रूपेश पाण्डेय, जिला पंचायत सदस्य श्रद्धा साहू, आशा , विक्की मिश्रा, जनपद सभापति संतोष निषाद, रजनी साहू , ग्राम पंचायत अंडा सरपंच दिग्विजय सिन्हा, जनपद सदस्य अजीत चंद्राकर, लोमेश चंद्राकर , बेला यादव, सांसद प्रतिनिधि मनोज गोलू चन्द्राकर, तिलक चन्द्राकर, पूर्व जनपद सदस्य राकेश चन्द्राकर,यशवंत बंजारे, मुकेश चन्द्राकर, गोपाल साहू,एवं अंचल के विभिन्न ग्राम पंचायतों के सरपंच गण जिला प्रशासन के अधिकारी कर्मचारी की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुआ।

यह शिविर प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देशानुसार संचालित किया गया। जिसका उद्देश्य शासन की योजनाओं एवं सेवाओं को आम जनता तक पारदर्शिता और प्रभावशीलता के साथ पहुँचाना है। आज शिविर के माध्यम से विभिन्न विभागों की जनसमस्याओं का त्वरित निराकरण किया गया व हितग्राहियों को प्रमाण पत्र एवं लाभ मिला। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रदेशव्यापी सुशासन तिहार के तीसरे चरण का शुभारम्भ 5 मई से किया गया। इसको लेकर प्रशासन द्वारा सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। सुशासन तिहार का तीसरा चरण 31 मई तक । इस दौरान प्रत्येक जिले की 8 से 15 ग्राम पंचायतों के मध्य समाधान शिविर आयोजित किया जाएगा। जिनमें आवेदकों को उनके आवेदनों की स्थिति की जानकारी दी जाएगी। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं अन्य मंत्रीगण कुछ समाधान शिविरों में शामिल होंगे व आवेदकों से भेंट कर उनकी समस्याओं का निराकरण के संदर्भ में जानकारी प्राप्त लेंगे । तीसरे चरण में मुख्यमंत्री औचक रूप से किसी भी गांव में पहुँचकर लोगों से मुलाकात करेंगे एवं चौपाल लगाकर गांव के विकास और वहां पर पदस्थ मैदानी अमले की कार्यशैली के बारे में लोगों से जानकारी लेंगे। मुख्यमंत्री साय इस दौरान शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन, निर्माण एवं विकास कार्यों की जमीनी हकीकत का भी मुआयना करेंगे। यह उल्लेखनीय है कि राज्य में शासन प्रशासन को संवेदनशील व पारदर्शी बनाने के साथ ही जन समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा सुशासन तिहार-2025 का आयोजन किया जा रहा है। सुशासन तिहार के प्रथम चरण का शुभारंभ 8 अप्रैल को हुआ था।

इसके तहत 11 अप्रैल तक प्रदेश की जनता से ग्राम पंचायतों और शहरी वार्डों में शिविर लगाकर समस्याओं और मांगों के संबंध में आवेदन लिए गए। आम जनता अपने आवेदनों को सहजता से शासन-प्रशासन तक पहुंचा सके, इसके लिए ग्राम पंचायत से लेकर जिला मुख्यालयों तक प्रमुख स्थानों पर समाधान पेटियां रखी गई, जिसमें लोग अपने आवेदन डाल सके। ऑनलाईन आवेदन लेने की व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई। सुशासन तिहार के पहले चरण में प्रदेश की जनता से 40 लाख से अधिक आवेदन-पत्र प्राप्त हुए थे। इनमें मांग, समस्या और शासकीय योजनाओं से संबंधित आवेदन शामिल थे। जिला प्रशासन द्वारा समर्पित प्रयासों से इन आवेदनों को विभागवार वर्गीकृत कर सुराज अभियान के पोर्टल पर अपलोड किया गया है और निराकरण की प्रक्रिया पारदर्शिता के साथ जारी है। संबंधित आवेदनों की स्थिति की जानकारी भी हितग्राहियों को समयबद्ध रूप से दी जा रही है।



**हितग्राहियों को प्रमाण पत्र एवं लाभ मिला**

दुर्ग सांसद विजय बघेल ने कहा कि सुशासन तिहार का मूल उद्देश्य प्रशासन को जनता के द्वार तक ले जाना है। विजय बघेल ने कहा संकल्प है। राज्य के हर नागरिक तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुचना और पात्र हितग्राही वंचित न रहे। सुशासन तिहार मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की जनहित के प्रति प्रतिबद्धता का जीवंत उदाहरण बन गया है। यह अभियान केवल आवेदन संग्रह या समस्या निराकरण का माध्यम नहीं है, बल्कि यह राज्य के प्रशासन और जनता के बीच सेतु बन गया है। इस अवसर पर दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने कहा सुशासन तिहार के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों का विभागानुसार सर्वे होना चाहिए और प्राथमिकता क्रम में संबंधित प्रकरण को तत्काल निराकरण होती है। आगे श्री चंद्राकर ने अधिकारियों कर्मचारियों को लंबित प्रकरणों का प्राथमिकता से निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए, जिससे शासन की संवेदनशीलता और जवाबदेही का प्रत्यक्ष अनुभव लोगों को हो सके।

### सरपंच और जनपद सदस्य पूरे समय रहे सक्रिय

तीसरे चरण में शासन की प्राथमिकता आम जनता को जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारीदी जाएगी। समाधान शिविरों में हितग्राहियों को योजनाओं के आवेदन प्रपत्र प्रदान किए जाएंगे और पात्रता के अनुसार योजना से लाभ दिलाने की कार्यवाही की जाएगी। समाधान शिविरों में ग्रामीणों को योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित एवं प्रोत्साहित भी किया जाएगा। इस अवसर पर आस पास के सरपंच ग्राम पंचायत चिंगरी पुष्पा वाघमारे, अछोटी झन्ना दिल्लीवार,भरदा सुनीता जयप्रकाश भारदीय, कुथरेल गीता गजपाल, कोलिहापुरी ईश्वर साहू, गीता ठाकुर, विनायकपुर योगेन्द्र दिल्लीवार, आमटी मासाभाट दुर्गा चौधरी, आलबरस भूवन लाल देशमुख, साथ ही साथ पूर्व सभापति टिकेश्वरी लाल देशमुख, ब्लाक अध्यक्ष प्रदीप चन्द्राकर, ज्ञानेश्वर विक्की मिश्रा, ग्राम पंचायत कुथरेल राजश्री चन्द्राकार, सरपंच घनश्याम दिल्लीवार, उच्च माध्यमिक शाला विधालय के प्राचार्य एस जाम्बुकर सहित अन्य ग्रामीण जन उपस्थित थे। इस सुशासन तिहार जन समस्या शिविर का मंच संचालन यदु ने किया गया।

# लाटाबोड़ समाधान शिविर की सफलता के लिए अधिकारियों को कलेक्टर ने की प्रशंसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने कहा कि जिले में सुशासन तिहार के अंतिम चरण के अंतर्गत आयोजित होने वाले समाधान शिविरों के बेहतर एवं सफल आयोजन हेतु सभी तैयारियां की। कलेक्टर मिश्रा आज संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में जिला प्रशासन के आला अधिकारियों एवं सभी विभाग प्रमुखों की बैठक लेकर उक्ताशय के निर्देश दिए हैं।

मिश्रा ने बालोद विकासखण्ड के ग्राम लाटाबोड़ में आज आयोजित जिले के पहले समाधान शिविर के सफल आयोजन की सराहना करते हुए इसके लिए सभी अधिकारी व कर्मचारियों को बधाई दी।

बैठक में कलेक्टर मिश्रा ने समाधान शिविरों के बेहतर एवं सफलतापूर्वक आयोजन के संबंध में विस्तृत दिशा निर्देश भी दिया। कलेक्टर दिव्या सुशासन तिहार के अंतर्गत विभागवार प्राप्त आवेदनों एवं उनके निराकरण की स्थिति की भी विस्तृत समीक्षा की। मिश्रा ने निराकरण हेतु शेष रह गए आवेदनों की समीक्षा करते हुए। अधिकारियों को शेष सभी आवेदनों का शीघ्र निराकरण को कहा। कलेक्टर दिव्या शत प्रतिशत आवेदनों का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करने हेतु डिप्टी कलेक्टर एवं सहायक नोडल अधिकारी प्राची ठाकुर को। इसका समुचित मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने विभागवार प्राप्त आवेदनों की समीक्षा करते हुए। निराकरण हेतु की जा रही कार्रवाई के संबंध में अधिकारियों से जानकारी ली। बैठक में कलेक्टर दिव्या जिले में आयोजित होने वाले मुख्यमंत्री के समीक्षा बैठक के तैयारियों की भी समीक्षा बैठक ली। कलेक्टर दिव्या अधिकारियों को मुख्यमंत्री समीक्षा बैठक हेतु सभी तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

# सुशासन के समाधान शिविर में सौगातों की बारिश से मिली राहत



**बालोद।** जिले के ग्राम लाटाबोड़ में सुशासन तिहार के अंतर्गत आयोजित समाधान शिविर ने ग्रामीणों के चेहरों पर खुशियॉ मिली। यह शिविर न केवल समस्याओं के समाधान का मंच बना, बल्कि जरूरतमंदों के लिए सौगातों भरा साबित हुआ। ऐसा ही एक सौगात ग्राम टेकापार के बुजुर्ग बालाराम साहू को मिला, जिन्हें उनकी लंबे समय से चली आ रही सुनने की समस्या से समाधान हुआ। बालाराम साहू, काफी लंबे समय से सुनने में दिक्कत का सामना कर रहे थे। बातचीत में कठिनाई और न सुन पाने की वजह से लोगों से मेलजोल में कमी ने उनके जीवन को प्रभावित किया था। लेकिन सुशासन तिहार के समाधान शिविर ने उनकी इस पीड़ा को समझा और उनकी मांग के अनुरूप उन्हें श्रवण यंत्र प्रदान किया गया। जब बालाराम ने श्रवण यंत्र का उपयोग किया, तो खुशी उनकी उनके चेहरे पर नजर आ रही थी। पहले मुझे लोगों की बातें सुनने में बहुत परेशानी होती थी। कई बार मैं दूसरों की आवाज को समझ ही नहीं पाता था। लेकिन अब यह श्रवण यंत्र मेरे लिए वरदान बन गया है। मैं अब सबकी बातें साफ साफ सुन पा रहा हूँ। बालाराम ने इस नेक पहल के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का हृदय से आभार व्यक्त किया। उन्होंने खुश होकर कहा कि, मुख्यमंत्री हम जैसे बुजुर्गों का बहुत ख्याल रख रहे हैं। सुशासन तिहार ने हमारी छोटी छोटी जरूरतों को भी समझा कर उसे पूरा किया। यह शिविर हमारे लिए किसी उत्सव से कम नहीं है। सुशासन तिहार का यह आयोजन ग्राम लाटाबोड़ के लिए एक यादगार दिन बन गया, जिसने न केवल समस्याओं का समाधान किया, बल्कि मानवीय संवेदनाओं को भी छू लिया।

### निकाय मंत्री के पास पहुंचा केमिकलयुक्त पानी का मुद्दा

**भिलाई।** औद्योगिक क्षेत्र के छह वार्डों में केमिकलयुक्त पानी का मुद्दा नगरीय निकाय मंत्री व उपमुख्यमंत्री अरूण साव के पास जा पहुंचा है। प्रभावित वार्ड के पार्षद व उपनेता प्रतिपक्ष दया सिंह ने मंत्री के समक्ष पूरी विस्तार से जानकारी दी। मंत्री साव ने यह भरोसा दिलाया है कि इस समस्या का निदान करेंगे और उद्योगों को नोटिस देकर कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू करवाएंगे। औद्योगिक क्षेत्र के छह वार्डों में केमिकलयुक्त पानी का मामला हरिभूमि ने लगातार एक अभियान के रूप में चलाया। नगरीय निकाय मंत्री साव को दया सिंह ने बताया कि औद्योगिक क्षेत्र छावनी और खुर्सीपार में कैमिकलयुक्त पानी आ रहा है।

# भगवान कृष्ण ने अल्पकाल में 64 कलाओं की विद्या पा ली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद





गुरूकुल आश्रम जाकर वहां शिक्षा ग्रहण कर भगवान ने जगत को शिक्षा व गुरू का महत्व बताया। उन्होने बताया कि जीवन मे हर कार्य समय पर होना चाहिए। भगवान सर्वज्ञाता थे फिर भी वे शिक्षा ग्रहण करने गुरूकुल गए। गुरूकुल के

- श्रीमद् भागवत कथा में पं. आकाश पांडेय ने उधो और गोपी के संवाद की अध्यात्मिक विवेचना की

नियमो का पालन किया। उन्होने अल्प समय मे ही 64 कलाओ की शिक्षा प्राप्त कर ली। क्त बाते नगर मे चल रही श्रीमद् भागवत कथा के दौरान व्यासपीठ से पंडित आकाश पाण्डेय ने कही। पंडित आकाश पाण्डेय ने उधो एवं गोपियो के संवाद की कथा का वर्णन करते हुए कहा जहां भक्त भगवत प्रेम, भगवत भक्ति मे लीन हो जाता है वहां ज्ञान की सारी बाते महत्वहीन हो जाती है।

भागवताचार्य ने भगवान द्वारा कंश वध की कथा सुनाते हुए विभिन्न प्रसंगो के माध्यम से बताया कि जिनका कर्म जैसा होता है उसे वैसा ही फल मिलता है। उन्होने कुबजा की कथा के दौरान कहा जिस पर भगवान की कृपा दृष्टि पड़ जाती है उसके जीवन मे सुंदरता, आनंद का प्रादुर्भाव होता है।

इसके पूर्व पंडित आकाश पांण्डेय ने भगवान की बृज लीलाओ का वर्णन किया, भगवान की रास लीला कथा पर श्रद्वालु झूम उठे। पंडित आकाश पांण्डेय ने कहा भगवान के जन्म के समय ही माखन मिश्री का भोग लगाया जाता है, क्योकि भगवान ने बालपन मे ही माखन खाया, ब्रज से जाते समय उन्होने माखन को वही छोड़ दिया। उन्होने बताया कि भगवान कृष्ण ने ब्रज से जाते समय बांसुरी भी राधा जी को सौपने के बाद कभी बांसुरी नही बजाई।

उन्होने भगवान कृष्ण के वृदांवन से मथुरा गमन की कथा सुनाते हुए गोपियो के विलाप एवं उनकी कथा का वर्णन करते हुए कहा भगवान का भक्त भगवान से दूर नही रह सकता। वह भगवान को पाने अपना सर्वस्व न्यौछावर कर देता है। कथा के छठवे दिवस रूखमणी विवाह प्रसंग का भी वर्णन किया। कथा मे उपस्थित भक्तो ने भगवान कृष्ण तथा माता रूखमणी से विवाह प्रसंग को जीवंत बनाने झांकियां प्रस्तुत की एवं मंगलगीत गाए। आज मंगलवार को भागवत कथा का अंतिम दिवस होगा। अंतिम दिवस भगवान द्वारा 16 हजार राजकुमारीयो को बंधन मुक्त करने व उनके उद्वार की कथा एवं सुदामा चरित्र की कथा सुनाई जाएगी एवं अपरान्ह हवन के साथ कथा विराम होगा।

# नवीन आचार्य ने प्रशिक्षण में किया सूर्य नमस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



दस दिनों का नवीन आचार्य प्रशिक्षण जिला ग्राम भारती जिला बालोद के मार्गदर्शन में सम्पन हुआ। सरस्वती शिशु मंदिर बरबसपुर में चतुर्थ दिवस का प्रारंभ प्रातः कालीन बेला में सम्माननीय योगेश्वर साहू द्वारा प्रातः स्मरण एकात्मता स्तोत्र एकता मंत्र से किया गया।

युधिष्ठिर साहू के द्वारा आसन प्राणायाम, विष्णु प्रसाद सिंघारे द्वारा व्यायाम श्रृंखला, अध्यक्ष लाल साहू द्वारा सूर्य नमस्कार समस्त शिक्षार्थियों को कराया गया। स्वाल्पाहार के पश्चात योगेश्वर साहू के द्वारा प्रथम कालांश में वंदना अभ्यास, द्वितीय कालांश पवन कुमार यादव द्वारा स्वदेशी विषय पर विस्तृत जानकारी के अंतर्गत स्वदेशी वस्तुओं के इस्तेमाल पर जानकारी दी। गाय एक उपयोगी पशु है गाय के गोमूत्र,गोबर के उपयोग से हमारे दैनिक जीवन में बहुत सारी समस्याओं का समाधान होता है, विषय पर चर्चा की गयी।

तृतीय कालांश में निर्मला साहू, विभाग कुटुंब प्रबोधन प्रमुख के द्वारा राष्ट्रीय स्वयं संघ परिचय पर विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए कहा कि राष्ट्रीय स्वयं संघ एक कल्पवृक्ष के समान है। जिसके छांव में भारत में रह रहे लोग भारत की एकता व संप्रभुता को बनाए रखने में अपना योगदान दे रहे हैं।चतुर्थ कालांश में जिला के वैदिक गणित प्रमुख प्रहलाद पटेल द्वारा भारत की अस्मिता स्वामी भारती तीर्थ कृष्णा वेदों से प्राप्त की गई है गणित सरल और सहज तरीका से बताया गया। पंचम कालांश गढ़ चर्चा के अंतर्गत अभिभावक संपर्क क्यों और कैसे इस पर विस्तृत चर्चा की गई संध्याकालीन बेला में क्रीडा प्रमुख युधिष्ठिर साहू संघ स्थान में शारीरिक व्यायाम योग मुस्थिका योग समता आदि करवाया गया, इस प्रशिक्षण को सफल बनाने में दुलार पटेल, युधिष्ठिर साहू, योगेश्वर साहू, विष्णु प्रसाद, जिला समन्वयक दीपक हिरवानी, चेमन लाल साहू, रोहिणी साहू, पूर्णिमा साहू मास्टर ट्रेनर है।

HEALTH TOWN

K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद
"संस्कारित मातृत्व का पथ - गर्भसंस्कार कार्यक्रम"
मातृत्व की यात्रा को बनाएं सकारात्मक और सशक्त
"मातृत्व की ओर बढ़ते हर कदम में साथ आपके लिए विशेष दंपत्तियों के लिए जागरूकता कार्यक्रम"
JOIN OUR SEMINAR
Mantras chanting | Yoga and exercise | Music therapy | garbh savand
14 मई, बुधवार 2025, समय : 04.00 PM
रजिस्ट्रेशन के लिए स्कैन करें
SCAN ME
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें : महाराष्ट्र मण्डल चौबे कालोनी, रायपुर 492001,
मो. 91119-12122, 91119-22122 www.shreyanayurveda.com
Dr. Pallavi Kshirsagar

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जॉच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
- टेड़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**अभियान**

लाटाबोड़ में आयोजित प्रथम समाधान शिविर में 15 पंचायत के ग्रामीण हुए शामिल

# समाधान शिविर में श्रम, जाब, किसान क्रेडिट कार्डों व पीएम आवास स्वीकृति पत्र वितरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

सुशासन तिहार के तीसरे एवं अंतिम चरण के अंतर्गत जिले के बालोद विकासखण्ड के ग्राम लाटाबोड़ में जिले का पहला समाधान शिविर ग्राम लाटाबोड़ मे आयोजित किया गया। जिसमे 15 ग्राम पंचायत के ग्रामीण शामिल हुए। शासकीय हाई स्कूल मैदान लाटाबोड़ में आयोजित समाधान शिविर में हितग्राहियों को सुशासन तिहार के दौरान बनाए गए उनका राशन कार्ड, श्रम कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, प्रधानमंत्री आवास योजना की स्वीकृति पत्र, किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड के अलावा उन्नत किस्म के धान बीज, कीटनाशक दवाई, खाद बीज के वितरण के अलावा समाज कल्याण विभाग द्वारा वृद्धजनों को छड़ी एवं श्रवण यंत्र आदि के अलावा मछली पालन विभाग द्वारा हितग्राहियों को आईस बॉक्स एवं मछली जाल प्रदान किया गया। इसके अलावा शिविर में अनेक हितग्राहीमूलक योनजाओं के अंतर्गत हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया।

■ विभागों को 5624 मांग एवं 90 शिकायत संबंधी कुल 5714 आवेदन मिलने

इस दौरान शिविर में उपस्थित जिला पंचायत के अध्यक्ष तारणी पुष्पेन्द्र चन्द्राकर, कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा, जनपद अध्यक्ष सरस्वती टेमरिया सहित अन्य अतिथियों ने गर्भवती माताओं को सुपोषण किट प्रदान कर उनके गोद भराई रस्म पूरा किया। ग्राम लाटाबोड़ में आयोजित समाधान शिविर में ग्राम टेकापार, नेवारीकला, देवीनवागांव,





अरौद, भोईनापार, खपरी, लोण्डी, बेलमाण्ड, पड़कीभाट, उमरादाह, हीरापुर, झलमला, सिवनी एवं बोरी सहित लाटाबोड़ कुल 15 ग्राम पंचायतों के निवासियों के द्वारा विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 05 हजार 714 आवेदन किया गया था। जिसका निराकरण के संबंध मे संबंधित विभाग के अधिकारियों के द्वारा जानकारी ली गई। शिविर में पद्मश्री डोमार सिंह कुंवर उपस्थित थे।



कार्यक्रम मे जिला पंचायत के अध्यक्ष तारणी पुष्पेन्द्र चन्द्राकर ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाले छत्तीसगढ़ सरकार के सुशासन तिहार के आयोजन के संबंध मे विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने आशा व्यक्त किया कि सुशासन तिहार के अंतर्गत आम जनता से प्राप्त आवेदनों का समुचित निराकरण होने के साथ–साथ उनके मांगों एवं समस्याओं का भी यथोचित निराकरण हो पाया। इस अवसर पर कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप राज्य में शुरू किए गए सुशासन तिहार के आयोजन के उद्देश्यों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी।

कलेक्टर ने कहा कि शिविर स्थल में विभिन्न विभागों के द्वारा स्टॉल लगाकर अपने–अपने विभाग के योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। उन्होंने कहा कि शासन के जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने के इच्छुक व्यक्ति संबंधित विभाग के स्टॉलों में पहुँचकर अपना आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। कलेक्टर मिश्रा ने आम जनता को यह आश्वस्त किया कि सुशासन तिहार के दौरान प्राप्त सभी आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण किया जा रहा है। इसके अलावा उन्होंने जिले में बढ़ते जल संकट एवं वर्तमान में पड़ने वाली भीषण गमएँ को देखते हुए पानी के संरक्षण एवं संवर्धन के कार्य में भी जिलेवासियों को अपनी सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने की अपील भी की। उन्होंने जिले के नागरिकों से मौजूदा समय के इस भीषण गमएँ के दौरान पशु–पक्षियों के लिए भी पानी के प्रबंध करने के पूनीत कार्य में अपनी भागीदारी निभा कर संवेदनशीलता का परिचय देने को कहा। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष, कलेक्टर एवं अतिथियों ने 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के अंतर्गत कार्यक्रम स्थल में पौधरोमस्याओं का समयबद्ध तरीके से निराकरण करने का अभिनव प्रयास किया जा रहा है। पण किया। लाटाबोड़ कलस्टर के अंतर्गत पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को कुल 3472 मांग एवं 18 शिकायत, खाद विभाग को 557 मांग, समाज कल्याण विभाग को 487 मांग, राजस्व विभाग को 406 मांग एवं 14 शिकायत, महिला बाल विकास विभाग को 214 मांग एवं 10 शिकायत, विद्युत विभाग 101 मांग एवं 22 शिकायत, श्रम विभाग को 109 मांग, शिक्षा विभाग को 47 मांग, पीचई विभाग को 23 मांग एवं 05 शिकायत, परिवहन विभाग को 37 मांग एवं 02 शिकायत, स्वास्थ्य विभाग को 21 मांग व शिकायत 05, कृषि विभाग को 34 मांग, लोक निर्माण विभाग को 15 मांग एवं 02 शिकायत, जल संसाधन विभाग को 20 मांग एवं 02 शिकायत, क्रेडा विभाग को 04 मांग एवं शिकायत 02, पशुपालन विभाग को 14 मांग, जिला व्यापार उद्योग को 16 मांग एवं शिकायत 01, वन विभाग को 02 मांग, सहकारिता विभाग को 03 मांग सहित सभी विभागों को 5624 मांग एवं 90 शिकायत संबंधित आवेदनों को मिलाकर कुल 5714 आवेदन मिलने की जानकारी दी गई। सभी विभाग के अधिकारियों ने प्राप्त आवेदनों के परीक्षण के उपरान्त सभी आवेदनों की निराकरण करने की जानकारी दी गई।

## खबर संक्षेप



### ओरमा की पेयजल समस्या का निराकरण

**बालोद।** ग्राम पंचायत ओरमा के सरपंच मंजूलता परस साहू के प्रयास से एवं उप सरपंच रामचंद्र यादव, पंचगणों सुदामा साहू, संतोष साहू, डोमार कुंभकार के मार्गदर्शन मे पंप ऑपरेटर कमलेश साहू द्वारा ओरमा मुख्यालय मे पर्याप्त पानी उपलब्ध कराने नया बोर से पाइपलाइन जोड़ा गया। जिससे ग्रामीणों को पेयजल समस्या का निराकरण हुआ। ग्राम पंचायत ओरमा ग्रामीणों को पीने की पानी का समस्या से जूझना नहीं पड़ेगा।

### सिरसिदा में पशु चिकित्सा शिविर आयोजित



**अंडा।** ग्राम पंचायत सिरसिदा में पशु धन विकास विभाग भारत सरकार द्वारा मोबाईल यूनिट पशु चिकित्सा शिविर आयोजित कि। इस अवसर पर जनपद पंचायत अध्यक्ष पुरूषोतम लाल चंद्राकर, पूर्व सांसद प्रतिनिधि थानसिंह मंडावी, डॉ. लोकेश चंद्राकर, एंबुलेंस मोबाईल यूनिट कर्मचारी रूपेश साहू, सरपंच प्रतिनिधि इंद्रजीत चंद्राकर, पशुपालक, अवध राम, प्रीत लाल, भगवान सिंह चंद्राकर, खेदू राम चंद्राकर सहित ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

### धारदार हथियार जब्त युवक गिरफ्तार

**भिलाई।** धारदार हथियार लेकर लोगों को डराने व धमकी वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत तहत जुर्म दर्ज किया है। मोहन नगर पुलिस ने बताया कि मुखबीर की सूचना पर कृषि उपज मंडी दुर्ग के पास बाम्बे आवास उरला निवासी दीपक बघेल नामक युवक धारदार हथियार लेकर आने-जाने वाले लोगों को धमका रहा था। मौके पर पहुंची पुलिस की टीम ने घेराबंदी कर दीपक को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से स्टील का धारदार चाकू जब्त किया है।

### फूल तोड़कर घर लौट रही बुजुर्ग महिला से चेन स्नेचिंग

**भिलाई।** फूल तोड़कर घर लौट रही बुजुर्ग महिला की अज्ञात बाइक सवार ने गले पहनी मंगल सूत्र को पार कर दिया। आसपास के लोगों को वृद्धा चिल्लाती रही लेकिन तब तक बाइक सवार फरार हो गया था। घटना की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ 304 (2) के तहत जुर्म दर्ज किया है। भिलाई नगर पुलिस ने बताया कि सेक्टर-8 ब्लॉक 1 क्वार्टर नं. 1/बी निवासी पवन कुमार सिंह ने शिकायत किया है कि शनिवार की सुबह घर पर सोए हुए थे। सुबह 6 बजे उनकी माता 7 वर्ष की विमला सिंह उठी और वाकर लेकर टहलने निकली थी। टहलने के बाद वो स्ट्रीट में लगे कनेर फूल पूजा के लिए तोड़कर घर लौट रही थी। इस दौरान एक काले रंग की बाइक में अज्ञात युवक कान में सोने की बाली पहना हुआ था। युवक ने विमला सिंह के बगल में खड़ा किया और उनके गले से मंगलसूत्र को छीन कर फरार हो गया। इसके साथ सोने की मोती पड़ी थी। वर्तमान के उसकी करीब कीमत डेढ़ लाख रुपए से अधिक आंकी गई है।

## जनप्रतिनिधियों ने कलेक्टर से विविध मुद्दों पर चर्चा की

**गुण्डरदेही।** सोमवार को नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन, पूर्व विधायक राजेंद्र राय ने बालोद के कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक योगेश पटेल से बालोद पहुंचकर मुलाकात की। मुलाकात के दौरान बालोद जिला एवं गुण्डरदेही विधानसभा के संबंध में विस्तार से चर्चा हुई एवं गुण्डरदेही नगर पंचायत के जमीन आधिपत्य, पट्टा एवं अन्य विकास कार्यों के बारे में विस्तार से बताया एवं कानून व्यवस्था के संबंध में विस्तार से चर्चा किए।



## ब्राह्मकुमारी संस्थान ने किया नपं अध्यक्ष और पार्षदों का सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

नगर पंचायत के नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं पार्षद गणों का ससम्मान समारोह ब्राह्मकुमारी संस्थान शिव दर्शन भवन गुण्डरदेही द्वारा 3 मई को नगर पंचायत गुण्डरदेही के अध्यक्ष एवं पार्षद गणों का स्वागत एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन बीके भारती दीदी एवं पार्षद गणों के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। उसके बाद नगर पंचायत गुण्डरदेही के नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं पार्षद गणों का आत्म तिलक लगाकर एवं गुलदस्ता शाल श्रीफल भेटकर सम्मान किया गया एवं साथ में ईश्वरी सौगात भी दी गई तथा इस अवसर पर नन्ही बिटिया कुहू द्वारा स्वागत डांस एवं बीके उर्मिला बहन के द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत की गई। इस अवसर पर शिव दर्शन भवन गुण्डरदेही की संचालिका बीके भारती दीदी द्वारा सभी नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं पार्षद गण बधाई एवं शुभकामनायें प्रेषित की तथा ईश्वरीय ज्ञान के सम्बन्ध में बतलाते हुए कहा कि वर्तमान समय में सभी मनुष्य आत्मा को जीवन में सुख शान्ति की अति आवश्यकता है जिसके लिए हमें पतिदिन एक घंटे अपने लिए भगवान को याद करे ज्ञान की बाते सुनकर उसे जीवन में धारण करे और सभी को सुख शान्ति की दुआ दे तो हम सब जीवन में सुख शान्ति प्राप्त कर सकते है और यह हमारे अमूल्य मानव जीवन को सार्थक बना सकते है। नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन ने भी कहा की हम अपने व्यस्तम जीवन में भी कुछ समय निकालकर सत्संग करे ज्ञान सुने और परमात्मा को जाने और अपने जीवन को सुख शान्ति से भरपूर करे कार्यक्रम का संचालन बी के नरेन्द्र भाई ने किया।

## अरमुरकसा में खेल मैदान का समतलीकरण का भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुसुमकसा

ग्राम पंचायत अरमुरकसा में खेल मैदान का समतलीकरण का भूमिपूजन पूर्व जनपद सदस्य संजय बैंस के मुख्यातिथि में सम्पन्न हुवा इस कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच हलधर गोरे और विशिष्ट अतिथि ग्राम के पटेल रतन लाल जी उप सरपंच और पंच गण उपस्थित रहे सर्व प्रथम अतिथियों द्वारा पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया और कार्यक्रम के मुख्यातिथि पूर्व जनपद सदस्य संजय बैंस के द्वारा धरती मैया के पूजा के पश्चात गैती मारकर कार्य को प्रगति दिया गया इस अवसर पर सरपंच श्री हलधर गोरे जी ने कहा कि हमारे गांव के युवाओं द्वारा इस मैदान पर खेल के साथ पुलिस और आर्मी भर्ती के लिए यहां पर प्रैक्टिस करते है।

■ पूर्व जनपद सदस्य संजय बैंस ने सरपंच हरधर की अध्यक्षता में किया

जिसका परिणाम दस से बारह बच्चे पुलिस और आर्मी में भर्ती भी हो चुके है हमारे गांव के युवा संजय बैंस से मांग किए थे मैदान का समतलीकरण हो और इस मैदान में स्टेडियम बने उनके ही प्रयास से इस मैदान के लिए राशि स्वीकृति हुवा है जो इस मैदान के लिए मिल का पत्थर साबित होगा मैं पूरे ग्रामवासियों के तरफ से आभार व्यक्त करता हु ग्राम पटेल रतन लाल जी ने कहा कि हमारे पूर्व जनपद सदस्य संजय बैंस जी का कार्यकाल पूरे अरमुर के लोग नहीं भूल सकते हम इतने वर्षों में किसी भी जनपद का विकास कार्य नहीं देखे थे जितना विकास कार्य संजय बैंस जी ने कराया है शीतला मंदिर और स्कूल के साथ इसी मैदान में जो जीम का निर्माण कार्य संजय बैंस के माध्यम से हुवा हमारे गांव में लाखों की सौगात दिए हम संजय बैंस के आभारी है कार्यक्रम के मुख्यातिथि संजय बैंस ने कहा कि निश्चित रूप से युवाओं के मनोबल बढ़ाने वाले कार्य का आज हम भूमिपूजन कर रहे है आज के भूमिपूजन के बाद ये मैदान पहले से और बेहतर होगा मैने अपने पूरे कार्यकाल में मेरे से जितना हो सका मैने पूरे ईमानदारी के साथ अरमुर के विकास के लिए प्रयास किया जिसका परिणाम आप सभी देख रहे है मैने जितना अरमूरकसा को संवारने में समय दिया इसी अरमूरकसा ने भरपूर आशीर्वाद मेरे धर्मपत्नी को दिया जिसका परिणाम मंजू बैंस ब्लाक में सर्वाधिक वोटो से जीतकर आई मै और मेरा पूरा परिवार आपकी सेवा में सदा लगे रहेंगे इस कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन सचिव बिना टेकाम ने किया इस कार्यक्रम में उप सरपंच ओम प्रकाश योगेश्वरी निर्मलकार रिखी राम गोरे हुमन लाल रावते सुरेश कुमार जगनायक गैंदी बाई केराम दुर्गा रावते जागृति राम लीडिया मुन्ना गोरे बहुरबती पिस्दा पवन बाई विनोद बालेंद्र रमेश निर्मलकार उपस्थित थे।

## सेवानिवृत्त कर्मचारी के सम्मान में अभिनंदन समारोह में उनके कार्यप्रणाली को अनुकणीय बताया

**डौंडीलोहारा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जेवरतला में प्रभारी प्राचार्य सदाराम खांडेकर का सेवानिवृत्ति पश्चात अभिनंदन समारोह व विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिसके मुख्य अतिथि सदाराम खांडेकर और सविता खांडेकर रही।



अध्यक्षता प्रभारी प्राचार्य रामजी लाल धुर्वे ने किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में जयपाल साहू, एसएमडीसी अध्यक्ष, ललित हिरवानी पालक समिति अध्यक्ष, आर के. देवांगन संकुल प्रभारी, हेमंत हिरवानी सेवानिवृत प्राचार्य, बी.आर.साहू वरिष्ठ व्याख्याता उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां शारदे की पूजा अर्चना के साथ हुआ। विशिष्ट अतिथियों ने अपने उद्बोधन में कहा कि सदाराम खांडेकर के अनुशासन प्रिय ,कर्तव्य निष्ठा, कुशल प्रबंधन ,नेतृत्व क्षमता ,हंसमुख स्वभाव एवं प्रत्येक बच्चे तक उनकी पहुंच अन्य शिक्षकों के लिए अनुकरणीय रहा। सदाराम खांडेकर मधुर स्मृतियां हमारे मानस पटल पर हमेशा रहेगा। मुख्य अतिथि खांडेकर सर जी ने अपने उद्बोधन में कहा कि कड़ी मेहनत ही मनुष्य को ऊंचाइयों तक पहुंचाता है और यही उनकी पहचान बन कर अपनी छाप छोड़ती है। सभी कर्मचारी के साथ मिलकर कार्य करने से ही आज हमारा विद्यालय सर्वांगीण विकास की मुकाम तक पहुंच पाया। समर्पण भाव से कार्य करने एवं सहयोग के लिए मैं स्टाफ का हमेशा आभारी रहूंगा। समस्त कर्मचारी, विद्यार्थियों एवं ग्रामीणों के द्वारा खांडेकर सर जी को श्रीफल, शाल ,स्मृति चिन्ह ,फोटो फ्रेम भेंट करके सम्मानित किए।

कार्यक्रम का संचालन रामेश्वरी ढाबर्डे एवं राजू लाल देशमुख ने किया। भीष्म नारायण सिंह धनगुन, अखिलेश साहू, एन महेश्वर, सारिका वर्मा, मेघा मानिकपुरी , अर्पणा पाठक, मोनिका ठाकुर, कांति लाल यादव ,टोमेश्वर ठाकुर , हिमा देहारी, आभा डोंगरे ,वर्षा साहू, शुभम भुआर्य , पूरन साहू का कार्यक्रम को सफल बनाने में विशेष सहयोग रहा। प्रभारी प्राचार्य आर. एल ध्रुवे ने आभार व्यक्त किया।

## शमशाद बेगम व अनुरमा शुक्ला को मिला सम्मान



**बालोद।** जिले के पद्मश्री शमशाद बेगम को कोसल पुत्री सम्मान व रचनाकार अनुरमा शुक्ला को लेखन हेतु सम्मानित किया गया। रायपुर में जय जोहार साहित्य एवं सं—ति संस्थान एवं वैभव प्रकाशन के द्वारा आयोजित कार्यक्रम मे यह सम्मान दिया गया। कार्यक्रम मे छत्तीसगढ़ की नारी शक्ति जिन्होंने विशेष उपलब्धि प्राप्त की है पर केंद्रित पुस्तक कोसल पुत्री का विमोचन किया गया। इसे छत्तीसगढ़ की महिला रचनाकारों द्वारा ही शोध करके तैयार किया गया है। इस पुस्तक का सम्पादन डॉ सीमा निगम तथा डॉ तृषा शर्मा ने की तथा संयोजन डॉक्टर सुधीर शर्मा ने किया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाज सेवी कौशल्या देवी विष्णु साय थीं, अध्यक्षता राजभाषा आयोग अध्यक्ष शशांक शर्मा ने किया तथा विशिष्ट अतिथि सचिव राजभाषा आयोग डॉ अभिलाषा दुबे बेहार थी।

### सुशासन समाधान शिविर 6 से 31 मई तक

**भिलाई।** भिलाई निगम के सभी पांच जोन में सुशासन तिहार 2025 के तृतीय चरण हेतु समाधान शिविर का आयोजन 6 मई से 31 मई तक समय सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित किया गया है। जिसमें नागरिकों के मांग एवं शिकायत के समाधान से उन्हें अवगत कराया जाएगा। शिविर प्रमुख रूप से नगर निगम भिलाई के सभी जोन में विभिन्न तिथियो पर आयोजित किया जा रहे हैं।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, एक्जिमा, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

## मनुष्य जीवन में ही आत्मा का कल्याण संभव : नेहा

## डौंडीलोहारा की बेटी नेहा डोसी की दीक्षा 4 जून को बीकानेर में होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

भौतिकता की चकाचौंध को दुखों एवं कर्मबन्धन का कारण मानने वाली नेहा डोसी संयम एवं आध्यत्म के मार्ग को आत्मसात करने जा रही है। नेहा का 4 जून को बीकानेर राजस्थान में दीक्षा होने जा रही है।



डौंडी लोहारा के डोसी परिवार की लाडली नेहा सारे नाते–रिश्तों को छोड़कर कठोर साधना के मार्ग को अंगीकार करने जा रही है। स्व महेन्द्रडोसी नैनीजी डोसी की सुपुत्री नेहा का 4 जून 2025 को बीकानेर राजस्थान में दीक्षा होने जा रही है। दीक्षा से पूर्व दीक्षाथएँ का विभिन्न संघों द्वारा अभिनंदन किया जाता है, इसी क्रम में जैन श्री संघ द्वारा मुमुक्षु बहन नेहा का अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर सुश्री नेहा ने कहा कि मनुष्य जीवन दुर्लभ है, मनुष्य जीवन मे ही आत्मा का कल्याण संभव है अतः अपने पूर्व के कर्मो का क्षय करने एवं मोक्ष मार्ग का अनुगामी बनने मैं आचार्य राम गुरु की शिष्या बनकर संयम जीवन धारण करने जा रही हूं आप सभी का आशीर्वाद मेरा मार्ग प्रशस्त करेगा। मेरे द्वारा कभी किसी को कष्ट पहुंच होतो मुझे क्षमा करेंगे।



इस अवसर पर कंवरलाल रतनबोहरा, महेंद्र नाहर, चंदा बुरड़ ने पूरे श्री संघ की ओर से अपने वक्तव्य में उनके संयम जीवन की अनुमोदन की एवं इस मार्ग पर चलकर अपने लक्ष्य को प्राप्त करे यह कामना की।

जैन श्री संघ के अध्यक्ष ताराचंद सांखला, सचिव मांगीलाल ढ़ेलडिया, रूपचंद गोलछा, भंवरलाल नाहटा, मनोहर नाहटा, प्रकाश नाहटा, सुभाष चोपड़ा, महेन्द्र नाहर, मुकेश भंसाली, गोलू चौरड़िया, बालचंद नाहटा, संजय ढ़ेलडिया, कमल पारख तथा समता नवयुवक मंडल एवं समता महिला मंडल के सदस्यों ने मुमुक्षु बहना एवं उनके परिजनों का सम्मान किया।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 17,000/-
8 रात व 9 दिन
EX हरिद्वार
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री
18 मई , 04 जून , 16 अगस्त, 06 सितम्बर, 05 अक्टूबर 2025
चार धाम यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
(इन्क्लुड - इनोवा क्रिस्टा, स्विफ्ट डिजायर, टेम्पो ट्रैवलर, होटल, ब्रेकफास्ट एंड डिनर)
राशिः- स्टैंडर्ड पैकेज 17,000/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411